## खबर संक्षेप



### शार्ट एनकाउंटर में आरोपी को लगी गोली

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूट की वरदात को अंजाम देने वाले आरोपी का पुलिस ने शार्ट एनकाउंटर किया है। पुलिस आरोपी को छतरपुर से गिरफ्तार कर कटनी ला रही थी। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन पंचर हो गया, जिसके चलते वाहन रोका गया था। इस मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने पुलिस अधिकारी की पिस्टल छीन ली और भागने लगा। यही नहीं, पुलिस ने जब आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो उसने छीनी हुई पिस्टल से फायरिंग कर दी। इसपर पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया। एसपी अभिनय ने बताया कि लगातार हो रही लूट की वरदातों को मद्देनजर रखते हुए आरोपियों की पतासाजी के लिए टीमें बनाई गई थीं। एक टीम लुटेरों का सुराग मिलने पर छतरपुर गई थी। यहां से मुख्य आरोपी इतवार सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए कटनी लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन पंचर हो गया। मौके का फायदा उठाते हुए आरोपी ने पुलिस अधिकारी की पिस्टल छीनी और भागने लगा। बताया गया है कि आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की तो जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वो घायल होकर गिर पड़ा। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को पकड़कर इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

### ट्रेन में चढ़कर एक्ट्रेस के साथ लूट की कोशिश

**कटनी।** कटनी जंक्शन के आउटर में छत्तीसगढ़ की फिल्म एक्ट्रेस ज्योत्सना ताम्रकार के साथ लूटपाट की कोशिश हुई। बताया जाता है कि एक्ट्रेस रीवा से बिलासपुर की जाने वाली ट्रेन नंबर 18248 में यात्रा कर रही थी। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके पूरी घटना की जानकारी दी है। वीडियो में ज्योत्सना ने बताया कि जब ट्रेन कटनी जंक्शन के पास आउटर पर खड़ी थी। तभी एक युवक आया उसका चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। वह ट्रेन में चढ़ गया फिर मोबाइल और पर्स छीनने की कोशिश करने लगा। ज्योत्सना ताम्रकार हिम्मत दिखाते हुए जब उसका हाथ पकड़ लिया तो हमलावर ने उसके चेहरे पर, आंखों के नीचे मुक्का मारकर घायल कर दिया और मौके से भाग निकला। इस घटना से ट्रेन के मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई। एक्ट्रेस ने बताया कि ट्रेन के दूसरे डिब्बों में भी चोरी की घटनाएं हुई हैं जिससे ये स्पष्ट होता है कि ये काम किसी अकेले आदमी का नहीं बल्कि एक समूह का है। एक्ट्रेस ने तुरंत ही रेलवे हेल्पलाइन नंबर का कॉल करके मामले की शिकायत की, लेकिन न मौके पर पुलिस पहुंची न ही की कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने सरकार और रेलवे प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे मामले जीआरपी थाना प्रभारी एल पी कश्यप ने जानकारी मे बताया कि घटना के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है जिस पर आगे जानकारी प्राप्त करके विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

### चलाया सफाई अभियान

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु दो पालियों में की जाने वाली सफाई व्यवस्था के तहत बस स्टेंड परिसर, मेन रोड, सुभाष चौक, गांधी द्वारा से मिशन चौक, मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग, सेल्फी प्वाइंट, जिला सत्र न्यायालय परिसर, मुक्तिधाम परिसर, सहित उत्कृष्ट महाविद्यालय परिसर, पुराना महिला कॉलेज परिसर, अन्य स्थलों एवं मुख्य मार्ग के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया गया।

### 15 टीमों में शामिल 215 पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों ने पारधियों के डेरे में दी दबिश

# बड़ी कार्यवाही : 190 नकली गोल्ड बिस्किट, 15 किलो गांजा, 26 बाइक सहित 20 चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बीते कुछ दिनों से नेशनल हाईवे में राहगीरों से आए दिन हो रही लूट की वारदातों के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बड़ी कार्यवाही की गई। गठित 15 टीमों में पुलिस के 215 अधिकारी कर्मचारियों ने संदिग्ध पारधियों के डेरे पर रात्रि में दबिश दी। कार्यवाही से पारधी क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। कार्यवाही के दौरान एक दर्जन संदेहियों को हिरासत में लिया गया है तथा एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने चाकू, छुरा, नकली सोने की बिस्किट सहित गांजा एवं 26 मोटर साइकिलें भी बरामद की है। पुलिस की रेड कार्यवाही के दौरान पारधी गिरोह ने पुलिस टीमों पर पथराव भी किया जिसमें थाना माधवनगर को मोबाइल वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। चार ड्रोन टीमों से के माध्यम से कार्यवाही की हर गतिविधि पर निगरानी रखी गई।

पुलिस के अनुसार रात्रि के समय आपराधिक तत्व एनएच-30 पर आने-जाने वाले से यात्रियों से लूटपाट, विवाद एवं अभद्रता कर रहे थे। साथ ही रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा आपसी झगड़ा, अवैध गतिविधियाँ और शांति व्यवस्था में खलल जैसी घटनाएं सामने आ रही थीं। इन गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तत्काल कार्वाई के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा बीती रात एक विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस कप्तान द्वारा गठित 15 टीमों ने पारधियों की डेरो में दबिश दी। पारदी क्षेत्र की कटनी पुलिस के 215 पुलिस जवानों द्वारा चारों ओर से घेराबंदी की । क्षेत्र में हर गतिविधि पर ड्रोन की चार टीमों द्वारा सतत निगरानी रखी गई। थाना प्रभारियो सहित गठित टीमों ने पारदी क्षेत्र ग्राम हरदुआ, खिरहनी , बहिरघटा, चपना, दरोडी, धौरा, छिदिया टोला, हीरापुर में एक साथ दबिश दी जिससे क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

कार्यवाही के दौरान 01 आरोपी एवं 12 संदेहियों को पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से अपराधों में प्रयुक्त होने वाली 20 नग धारदार चाकू, छुरा, लूट एवं ठगी में प्रयोग किया जाने वाला 190 फर्जी गोल्ड बिस्किट,गांजा की तस्करी में उपयोग होने वाला 15 किलो अवैध गांजा, एवं 26 लग्जरी रेसर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है।

#### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी विजयराघवगढ विरेन्द्र धार्वे, एसडीओपी स्लीमनाबाद आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली अजय सिंह, थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे , थाना प्रभारी रंगनाथनगर नवीन नामदेव, थाना प्रभारी एनकेजे अनिल यादव, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया, थाना प्रभारी विजयराघवगढ रितेश शर्मा, थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव, थाना प्रभारी बडवारा केके पटेल, थाना प्रभारी कैमोर अरविंद चौबे, रक्षित केन्द्र से रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, निरीक्षक अनूप सिंह, निरीक्षक आशीष शर्मा, निरीक्षक मोहिनी परस्ते, शहर के चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र की टीमो की सराहनीय भूमिका रही ।

## युवक पर चाकू से हमला करने वालों को भेजा जेल

### दो नाबालिग सहित एक युवक को पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत कृषि मंडी के समीप चाकूबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लियाहै । पुलिस के अनुसार 19 जून को चाका वार्ड क्रमांक 4 निवासी 22 वर्षीय मंगल बर्मन पिता अनिल बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 जून की दोपहर करीब 4 बजे वह पहरुआ मण्डी में पप्पू बजाज की ऑफिस के अन्दर था तभी चार लड़के मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से आये और सभी ने जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच एक लड़के ने जाँघ में चाकू मारकर हमला कर दिया। दुबारा पेट में चाकू मारा जिसे रोकने पर हाथ की अंगुलियों में भी चोट आयी।

विवेचना के दौरान आरोपी सचिन सेन पिता संतोष सेन उम्र 20 वर्ष निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला जिला कटनी एवं दो नाबालिग बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। सभी को न्यायालय पेश किया गया है। जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दो नाबालिग बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से बाल संपेक्षण गृह जबलपुर भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी सचिन सेन पिता संतोष सेन उम्र 20 वर्ष निवासी इन्द्नानगर थाना कुठला जिला कटनी जिसके विरुद्ध पूर्व से 5 अपराध पंजीबद्ध हैं, एवं दो नाबालिग बालक, मामले का एक अन्य नाम जद आरोपी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। घटना में प्रयुक्त दोनों दो पहिया वाहन भी जप्त किए गए हैं।

कार्रवाई निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक सौरभ सोनी, विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, रामेश्वर सिंह, आरक्षक बालकृष्ण तिवारी, शिशिर पाण्डेय, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### माधवनगर थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

## दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल युवक की मौत, शव रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई हे। शनिवार को माधवनगर स्थित टांगा स्टैंड पर मृतक के शव को लेकर परिजन पहुंचे जहां पर पुलिस की समझाइस के बाद सभी लोग एफआईआर दर्ज कराने थाने चले गए।

स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रोहित चंचलानी नामक युवक अपने कुछ साथियों के साथ माधवनगर मुख्य बाजार में लोगों को डरा धमका कर रूपयों की मांग कर रहा था। रोहित चंचलानी व अन्य जब लोगों से अवैध वसूली करने का प्रयास कर रहे थे इस दौरान आकाश पोपटानी ने इसका विरोध किया। बताया जाता है कि रोहित और आकाश के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ा तो दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के ऊपर हमला कर दिया। विवाद बढ़ता देख आसपास मौजूद लोगों का आक्रोश भड़क गया और उन्होंने रोहित चंचलानी एवं उसके साथियों की पिटाई कर दी। घायल रोहित एवं आकाश को जिला अस्पताल भिजवाया गया। रोहित की हालत नाजुक होने के कारण उसे तुरंत जबलपुर रेफर कर दिया गया। शनिवार को जबलपुर में इलाजरत रोहित चंचलानी की मौत हो गई।

जबलपुर से जब शव कटनी आया तब परिजनों व स्थानीय जनों ने टाँगा स्टेंड में लाश को गाड़ी सहित बीच रास्ते मे रख दिया व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गयी। पुलिस की समझाइश पर परिजनों को लाश के साथ ही माधव नगर थाने ले जाया गया जहां आरोपियों के विरुद्ध हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया परिजनों को घर भेज दिया गया।

## स्टेशन के बाहर बने मंदिर के सामने बनाई गई दीवार हटाई



कटनी रेलवे जंक्शन के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर के सामने बनी दीवार को रातों रात हटा दिया गया। रात करीब ढाई बजे अज्ञात लोगों ने जेसीबी मशीन लगाकर इस दीवार को हटा दिया। सुबह जब लोग यहां पहुंचे तो मन्दिर के सामने दीवार नहीं थी। दीवार को तोड़ने के बाद मलमा भी हटा दिया गया। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने मंदिर के सामने बनी दीवार को हटाए जाने को लेकर आंदोलन किया था। गौरतलब है कि कुछ साल पहले रेलवे ने ही मंदिर के सामने दीवार खड़ी कर दी थी। जिसे हटाने के लिए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने कई बार आंदोलन किया था। मंदिर के सामने खड़ी दीवार हटाने से धर्म प्रेमियों में उत्साह है।

## शराब के अवैध ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश, 7 हजार रूपए की शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्लीमनाबाद पुलिस ने विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद आकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम पड़वार में अवैध शराब के ठिकाने पर रेड मारी।

कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कटनी उर्फ सुशील पिता साधू राम जायसवाल 35 साल निवासी पड़वार के कब्जे से 24 पाव लाल मसाला एवं 11 पाव प्लेन देसी मदिरा कुल 35 पाव कीमती 3500 रूपये एवं आरोपी मंजा उर्फ अरविंद जायसवाल पिता भुकईया जायसवाल नि पडवार के कब्जे से 18 पाव लाल मसाला देसी मदिरा कीमती 1800 रूपये एवं ग्राम जुजाबल से आरोपी हरिभान उर्फ बबलू पिता जगदीश सिंह ठाकुर निवासी जुजाबल के कब्जे 36 पाव लाल मसाला देशी मदिरा कीमती 3600 की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी। उक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अवैध शराब पकड़ने मे निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, सउनि सतीश जाटव, सउनि मानकी धुर्वे, प्रआर तेज प्रकाश सिहं, आर. विशाल शिवहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं को दिया जा रहा 13 दिवसीय प्रशिक्षण

## एकीकृत कृषि प्रणाली, उन्नत कृषि यंत्र सहित जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कलहरा के मोहन टोला में 33 स्वर-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक एवं अनुपम पांडे के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

#### कृषि को लाभ का धंधा

इसी क्रम में कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु कृषि के साथ जैविक खेती, पशुपालन, सब्जी उत्पादन, मछली पालन मुर्गी पालन, फूलों की खेती, रेशम पालन एवं कृषि वानिकी आदि से आय बढ़ाने की जानकारी दी गई।साथ ही उन्नत कृषि यंत्रों में शासन द्वारा किए जा रहे अनुदान की जानकारी दी गई।

#### दी गई ये जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान जुताई, निंदाई, बोनी, कटाई एवं गहाई तथा कीटनाशक दवा डालने वाले उन्नत कृषि यंत्रों के विषय में बताया गया। जलवायु परिवर्तन का कृषि पर प्रभाव की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत अनाज एवं दलहनी फसलों में गोमूत्र से बीज उपचार तथा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए दलहनी फसल में राइजोबियम कल्चर से बीज उपचार का प्रयोग प्रदर्शन किया गया।

### जिला जेल में योग शिविर का हुआ आयोजन, बंदियों को बताए योग के लाभ

## शरीर को दुष्परिणामों से बचाना है तो आधा घंटा रोज करें योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



11वें अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला जेलकटनी में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में आनंद विभाग, कटनी एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त प्रयासों से जेल के अधिकारी, कर्मचारी एवं बंदियों के बीच 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हर्षित बिसेन,बी. एल. ओ., जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी की उपस्थिति में पतंजलि योग समिति से डॉ. नरेंद्र तिवारी द्वारा सभी को योग से संबंधित गतिविधि कराई गई।

कार्यक्रम में आनंद विभाग के डिस्ट्रीक्ट प्रोग्राम लीडर, अनिल कांबले ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम से लगभग दो दिन पहले से सभी बंदी भाइयों को योग का पूर्व अभ्यास कराया गया था।जिससे सभी बंदी योग की गतिविधियों को आसानी से समझ सके एवं उसे आत्मसात कर सके।

योग दिवस पर मुख्य अतिथि सुमित शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि हमें जीवन काटना नहीं अपितु हमें जीवन सुखपूर्वक एवं आनंदपूर्वक जीना है। निरोगी व स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें योग को जीवन में अपनाना ही होगा। आजकल जो खाद्य पदार्थ आ रहे हैं, वह दिखने में तो आकर्षक होते हैं किंतु स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है यदि हमें आजकल के खाद्य पदार्थों के दुष्परिणामों से बचना है तो योग को अपने जीवन का अंग बनाना होगा।यदि हम अपने शरीर को प्रतिदिन 30 मिनट देते हैं तो हमारे आगे का जीवन निरोगी, स्वस्थ एवं आनंद पूर्वक होगा।

जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी ने योग पर अपने उद्बोधन में बताया कि योग परंपरा हमारे भारतवर्ष की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा है जिसे आज विदेशो में भी अपनाया जा रहा है। उन्होंने बंदी भाइयों से कहा कि हम योग प्रशिक्षण को लगातार इस जेल परिसर में आयोजित करेंगे और आगामी दिनों में हमारा प्रयास होगा कि हमारे बीच से ही एक दो प्रशिक्षक तैयार हो और योग का कार्यक्रम सतत जेल परिसर में चलता रहे।

योगाभ्यास के बाद उपस्थित सभी लोगों को योग से संबंधित शपथ के साथ उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को आनंद विभाग से अनिल कांबले द्वारा आनंद विभाग की परिचय पुस्तक भेंट की गई।

#### न्यायालय में योग शिविर

जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर कटनी में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं समस्त न्यायाधीशगण, कर्मचारी, विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारीगण, अधिवक्तागण उपस्थित हुए। इस अवसर पर उप अधीक्षक जिला न्यायालय संजय नेमा के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराए तथा योग से होने वाले लाभों के संबंध में जागरूक किया गया।

## 16 लोगों पर 3500 रुपये का वसूला जुर्माना

**कटनी।** शहर में सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने के हेतु पुलिस विभाग एवं नगर निगम की टीम द्वारा रोजाना नगर के मुख्य मार्गो में संयुक्त कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण एवं यातायात बाधित कर व्यवसाय करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस एवं नगर निगम की अतिक्रमण विभाग के दस्ते द्वारा विगत दिवस गोल बाजार एवं रेल्वे स्टेशन मुख्य मार्ग में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में अतिक्रमण करने वाले 16 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 3हजार 500 रूपये का जुर्माना वसूला गया। संयुक्त कार्यवाही के दौरान नो पार्किंग जोन पर खड़े वाहनों पर भी कार्यवाही की गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भगनवारा**
**जनपद पंचायत बड़वारा जिला- कटनी (म.प्र.)**

सरपंच
श्रीमती मुन्नी बाई असाटी
मोबा. : 7974301778

निवास : ग्राम भगनवारा
तहसील-बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)
मोबा : 9752528820

क्रमांक Q — **विज्ञप्ति सूचना** — दिनांक 21-06-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण ग्राम-पंचायत-भवन भगनवारा जनपद पंचायत बड़वारा जिला- कटनी म.प्र. से प्राप्त किया जा सकता है।

**वर्ष-2025-26**

| क्र. | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन निर्माण भगनवारा | सीमेंट, लोहा, रेता, गिट्टी 20M.M. एवं 40M.M. ईटा, खिड़की, दरवाजा रोशनदान |
| 2 | चबूतरा निर्माण भगनवारा | सीमेंट, लोहा, ईटा, रेता, गिट्टी 20M.M. एवं 40M.M. एवं टाइल्स |
| 3 | शौचालय निर्माण भगनवारा | सीमेंट, लोहा, रेता, गिट्टी 20M.M. एवं 40M.M. दरवाजा खिड़की, लेट्रिन सीट, पाइप, टाइल्स |

मुन्नी बाई (सरपंच)
ग्राम पंचायत भगनवारा
जन. पंचा. बड़वारा, जिला कटनी (म.प्र.)

सचिव
ग्राम पंचायत भगनवारा
जन. पंचा. बड़वारा, जिला कटनी (म.प्र.)

## खबर संक्षेप



### महिला के पास से 9 हजार रूपए कीमती का गांजा किया जब्त

**कटनी।** बाकल थाना पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन मे अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने टीम बनाकर नहर की पुलिया के पास ग्राम मसंधा मे एक संदिग्ध महिला दिखी जो पुलिस को देखकर घबरा गई तथा थैले को छुपाने लगी। रोककर नाम पता पूछने पर अपना नाम कमला बाई कोल उर्फ हरबोलनी पति नारायण कोल 55 साल ग्राम मसंधा थाना बाकल का होना बताई । थैले मे रखी सामाग्री के संबंध मे पूछा गया तो पहले तो अनाकानी करने लगी फिर स्वविवेक से पूछताछ पर मादक पदार्थ गांजा का होना बताई । गांजा की तौल करने पर 825 ग्राम कीमती करीबन 9000 रूपये का होना पाया गया। आरोपिया के विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 35(3) बीएनएसएस का तामिल कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रआर शिवसिंह , अवधेश मिश्रा , आर. कमलकान्त यादव, बुद्धू कुमार की विशेष भूमिका रही।

### स्कूलों के समीप से गुटखा और नशा की दुकानें बंद कराने सौंपा पत्र

**सिलौंडी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने पूरे क्षेत्र में शासकीय स्कूलों और महाविद्यालय के पास पान गुटखा या अन्य किसी भी प्रकार के नशा के कारोबार को प्रतिबंध कराने एसडीएम को पत्र सौंपा है । जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे ने बताया कि शासकीय स्कूलों के पास पान गुटखा की दुकान के कारण स्कूली बच्चे भी गुटखा खाने के आदी हो रहे है । पढ़ाई के उम्र में नशा के आदी होने से उनका भविष्य भी खराब होगा । बच्चे देश का भविष्य होते है । जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे निरंतर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने का प्रयास कर रही है। अवैध रूप चल रही शराब पैकरियो को बंद कराने कलेक्टर को भी पत्र लिख चुकी है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे ने शासकीय स्कूलों और महाविद्यालय के पास की गुटखा और पान दुकान जल्द से बंद कराने की मांग की है।

### इसी सत्र से पुराने गर्ल्स कॉलेज भवन में केंद्रीय विद्यालय होगा प्रारंभ

**कटनी।** शहरी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की मांग पूरी होने के साथ साथ विद्यालय का संचालन भी वर्तमान सत्र 2025-26 के दौरान पुराने महिला कॉलेज भवन में प्रारंभ होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कटनी को यह सौगात दी। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए सांसद वीडी शर्मा जी निरन्तर प्रयास में जुटे थे। श्री टण्डन ने कहा कि सांसद श्री शर्मा के साथ के केंद्रीय विद्यालय की स्थापना तथा पुराने गर्ल्स कॉलेज में संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्था के लिए प्रभारी मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, विधायक गण संजय सत्येंद्र पाठक, सन्दीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक निरन्तर प्रयासरत थे। समस्त भाजपा जन प्रतिनिधियों के भागीरथी प्रयासों की बदौलत कटनी शहर के बीचोंबीच केंद्रीय विद्यालय के संचालन का मार्ग प्रशस्त हुआ। केंद्रीय विद्यालय के संचालन से शैक्षणिक विकास को नई गति मिलेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में हुए सामूहिक योग के कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

# तन-मन को रखना है निरोग तो रोजाना करें योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग योग दिवस की थीम को बढ़ावा देने शनिवार 21 जून को प्रातः 6 बजे से जिले भर में सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर, कटनी में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल,कलेक्टर दिलीप कुमार यादव व पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की मौजूदगी में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यहां जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता और प्रमोद चतुर्वेदी,जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, डीईओ, जिला आयुष अधिकारी, तहसीलदार बीके मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों, शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

योग कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा (वर्चुअली) सामूहिक योग कार्यक्रम में संबोधन का प्रसारण किया गया। योग कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर श्री यादव और पुलिस अधीक्षक ने अतिथियों को गुलमोहर का पौधा भेंट किया।

#### एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

जिला स्तरीय योग कार्यक्रम के बाद सांसद, विधायक, कलेक्टर,एस पी ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को प्रातः 6 बजे से भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।

योग दिवस के अवसर पर जिले के स्कूलों, कालेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किये गये। योग सत्र में बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने योगाभ्यास किया।

सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई तत्पश्चात योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को चालन क्रियायें, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्थानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्थानपादासन, अर्द्धहलासन, पवन मुक्तासन, शवासन का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात कपालभाती, अनुलोम विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। फिर ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ किया गया। कार्यक्रम में योग करने से तन -मन और बुद्धि स्वस्थ रहने सहित अन्य लाभों से अवगत कराया गया।

### सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में हुआ योगाभ्यास



सिलौंडी में विश्व योग दिवस पर सुबह शासकीय स्कूलों में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ । शासकीय कन्या हाई स्कूल में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच पंचों संतोष कुमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ,पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय,रजनीकांत राय ,प्राचार्य विशाल वरकडे के उपस्थिति में योग कार्यक्रम हुआ । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने अपने संबोधन में बताया कि स्वामी विवेकानंद ने देश के युवाओं को नशा से दूर रहकर योग करते हुए अपने शरीर को स्वास्थ्य रखना है। मनमोहन राय ने बताया हम सभी रोज सुबह आधा घंटा योग कर अनेक बीमारियो से बच सकते है। योग करने से शरीर में फुर्तीला और तंदुरुस्त रहता है सरपंच पंचों संतोष ने बताया लंबी आयु और निरोगी काया के लिए रोज योग करते रहना चाहिए।

### शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक शांति भी मिलती है योगा से



विजयराघवगढ़ में राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा आयोजित "योग संगम 2025" में सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश रेडियो के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने योग को आत्मिक, शारीरिक और वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि एसडीएम महेश मंडलोई ने सभी उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा"योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और समर्पण की ऊर्जा है। योग ही वह साधन है, जो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के मंत्र को साकार करता है।" हमे प्रति दिन योग करना चाहिए।



### महापौर, निगमायुक्त एवं नागरिकों ने किया योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केसीएस स्कूल में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी रहीं। महापौर श्रीमति सूरी ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए दैनिक योग अभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एक समग्र अभ्यास है जो मन, शरीर और आत्मा की शुद्धि करता है। महापौर श्रीमती सूरी ने योग को आत्म-खोज, आंतरिक शांति और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रदान करने की बात कहते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया। इस दौरान योगाभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, शवासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया गया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग‍ थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में योग के महत्व को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार, निगमायुक्त नीलेश दुबे,एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के अध्यक्ष रामदयाल गुप्ता, पार्षद श्रीमती शकुंतला सोनी,श्रीमती किरण पोद्दार,के.सी.एस प्राचार्या रूप भास्कर,योग गुरु संतोष सिंह,वैभवी सिंह,वैष्णवी सिंह,शिक्षक,कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल,आलोक तिवारी,संदीप पाठक कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### बड़वारा महाविद्यालय एवं छात्रावास विलायतकला में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सामान्य योगाभ्यास कराया गया एवं योग के महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुजीत सिंह, रामकिशोर आर्य अन्य स्टाफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं एन.एस.एस. वालंटियर्स ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया । एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- योगासन सेल्फी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन भी किया जा रहा है । जिसमें महाविद्यालय के स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं अन्य नागरिक भी भाग ले सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ योग के महत्व को जानना एवं योग से सम्बंधित जानकारियों को साझा करना है । प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे ।





इसी तरह शासकीय अनुसूचित जन जाति सीनियर बालक छात्रावास विलायतकला में योग दिवस हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया गया। योग की मानव जीवन में जरूरत लाभ एवं इसकी महत्ता पर योग शिक्षक प्रकाश सोनी द्वारा विस्तृत रूप से समझाया गया। सर्वप्रथम सूक्ष्म व्यायाम किया गया। इसके बाद खड़े होकर किए जानेवाले आसान, बैठकर किए जाने वाले योगासन, पेट के वल किए जाने वाले आसनों के उपरांत ब्रीदिंग, प्राणायाम एवं ध्यान योग क्रिया कराई गई। कार्यक्रम में ए. के. पटेल प्राचार्य, ए के दुबे व्याख्याता, अजय कुमार सोनी मंडल अध्यक्ष, पूरनलाल विश्वकर्मा, विजेंद्र, बीएसी बड़वारा, रजक सर, श्रीमती शैली तिवारी शिक्षिका, संतोष सिंह , जनार्दन सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## विद्यालयों, पंचायतों सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामूहिक योग के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसके अवसर पर विभिन्न ग्रामों में सामूहिक योग कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से बम्होरी, बहोरीबंद, पटना रोड, डिहुटा, पथ पिपरिया, पिपरिया पौड़ी, कल्हैया खुर्द, अमोच, पटना मढ़िया, तेवरी आदि ग्राम शामिल रहे।

कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रमुख रूप से ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह नवांकुर संस्था से धनीराम लोधी, सुरेन्द्र चक्रवर्ती, सरजू श्रीवास परामर्शदाता अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी प्रस्फुटन समिति से नरेश दाहयत, बहादुर सिंह, रामेश्वर लोधी, मनोज रैदास, मुकेश की सराहनीय सहभागिता रही। ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, आंगनवाड़ी, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणजनों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने योग संगम पोर्टल से सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

#### आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रम

योग दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास अंतर्गत संचालित ज़लिं के समस्त 1713 आंगनवाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों के साथ योग संगम का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया गया। साथ ही ज़लिं में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं में भी योग प्रशिक्षक की उपस्थिति में बच्चों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

वन स्टॉप सेंटर कटनी एवं आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 155 में प्रतिभा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकासकी उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया। इसके अलावा योगभ्यास के साथ ही स्वस्थ जीवन के लिए योग के महत्व पर भी चर्चा की गई।

*विद्यार्थियों को योग से जुड़ना चाहिए, मेडिटेशन करना चाहिए*

## योग दिवस पर एनसीसी कैडेट एवं छात्र छात्राओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



11वें अंतर्राष्ट्री य योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शासकीय तिलक महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय एन के जे के एनसीसी कैडेट एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर एक साथ योग कर कीर्तिमान स्थापित किया। केंद्रीय विद्यालय में एक साथ योग करते हुए सभी कैडेट एवं छात्र-छात्राओं को योग से जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया एवं प्रतिदिन योग को अपने जीवन में उतारने हेतु संदेश दिया गया।

केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम पूर्णरूप से स्वस्थ हो सकते हैं। इसीलिए हमें नियमित योग करना चाहिए और योग को अपने जीवन में उतारना चाहिए। वहींमेजर डॉ. सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी ने बताया कि हमारा मन अशांत रहता है, मन भटकता है। खासकर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को योग से जुड़ना चाहिए, मेडिटेशन करना चाहिए। योग एक ऐसा मार्ग है जिससे हम चित की वृत्तियों को संयम कर सकते हैं ।

कार्यक्रम में डॉ. रोशनी पांडे, रबेका मसीह, जयनारायण तिवारी, सुनीता बर्मन, अन्य एनसीसी अफसर के साथ सूबेदार पंकज कुमार हवलदार, रघुनाथपाल एवं एनकेजे केंद्रीय विद्यालय का विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

#### तिलक कॉलेज में आयोजन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीवलेंस, शासकीय तिलक स्नारतकोत्तर महाविद्यालय में योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं रेड-रिबन क्ल ब के संयुक्तन तत्वारवधान में ''एक पृथ्वी- एक स्वाीस्यव '' थीम के अंतर्गत योग अभ्यारस का आयोजन योग प्रशिक्षक योगाचार्य श्री राजकमल आर्य की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में योगाचार्य श्री आर्य ने कहा कि योग करें, निरोगी रहें। योग कार्यक्रम के आयोजन का उद्देशय योग के महत्वर को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं को स्वायस्य्‍ि के प्रति जागरूकता लाना, शारीरिक, मानसिक एवं आध्याव‍त्मिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्काार, प्राणायाम, ध्यावन और विभिन्नक योगासन सिखाए गए। विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा एवं बचाव के लिए सावधानी, सजगता एवं जानकारी ही उपाय

## व्यवसायिक क्षेत्रों, होटलों, अस्पताल एवं मैरिज गार्डन में करें निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में आये दिन होने वाली आगजनी की दुर्घटना के दौरान होने वाली संभावित जन-धन की हानि एवं आस - पास के सार्वजनिक क्षेत्रों में आग फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने शहर के समस्त व्यावसायिक एवं अन्य क्षेत्र में कार्यरत नागरिकों से आगजनी दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी रखने एवं जागरूक रहने को कहा है। ताकि ऐसी दुर्घटनाओं के दौरान उनसे होने वाले संभावित नुकसानों से बचा जा सके। इसके लिए कटनी नगर निगम द्वारा समय-समय पर जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। निगमायुक्त श्री दुबे के निर्देश पर पूर्व में नगर के सभी होटल, अस्पताल, स्कूल, मैरिज गार्डनों आदि का निरीक्षण किया जाकर सभी को फायर एन.ओ.सी प्राप्त करनें के निर्देश दिए गए है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि घर बनाते समय अग्नि से सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। आग लगने पर तत्काल इसका समाधान करने पर आग बढ़ेगी नहीं और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हो जाएगा। बहुत से ऐसे कारण होते हैं, जिसके कारण आग लगती है, फिर उसे नियंत्रित करना कठिन होता है। रासायनिक कारणों से भी आग लगती है। कई स्थानों पर अग्निशामक यंत्र नहीं रखते हैं या रखते भी हैं तो उसकी एक्सपायरी डेट निकल जाती है या इसका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित लोग नहीं होते हैं। वातावरण में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए सिस्टम में ज्यादा लोड पडने पर भी शार्ट सर्किट की स्थिति बनती है। जिससे आग लगने की संभावना होती है। गुणवत्ताहीन वायर का उपयोग करने से भी आग लगने की संभावना होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी दुकान जहां पर ऐसी वस्तुएं जो ज्वनशील पदार्थ रखते हैं, वहां पर लोगों को जागरूक करने एवं दैनिक जीवन में आग से सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपने घरों में जनसामान्य अग्निशामक यंत्र रख सकते हैं।

#### नए भवन के लिए ये हैं प्रावधान

भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के प्रस्ताव अनुसार ही प्रस्तावित फायर सेफ्टी प्लान का अनुमोदन अग्नि शमन प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। फायर प्लान अधिकृत अनुज्ञप्तिधारी अग्निशमन इंजीनियर से राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 के भाग 4 के उपबंधों व टेबल 7 अनुसार भवन की स्वामी संचालक द्वारा तैयार कराया जा सकता है। अनुमोदन उपरांत फायर सेफ्टी प्लान के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपरांत ऊर्जा विभाग के नियमों के तहत जारी विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र (उपरोक्त यथा उल्लेखित भवनों के संबंध में) प्राप्त करने के पश्चात भवन के लिए फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा जिसकी अवधि 3 वर्ष रहेगी।

#### पूर्व से निर्मित भवनों हेतु प्रावधान

उल्लेखित भवनों हेतु जो कि पूर्व से निर्मित होकर अधिवासित हो,में परिपत्र जारी होने के दिनांक से 2 माह के भीतर एन.बी.सी में निर्धारित मानक अनुसार फायर प्लान तैयार कर अनुमोदन हेतु अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।अग्निशमन अधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर फायर प्लान का अनुमोदन किया जाएगा। दो माह की समयावधि के अंदर यदि भवन स्वामी संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो विलंबित समय हेतु प्रतिदिन रुपये 500- की दर से अर्थदण्ड स्वामी पर अधिरोपित किया जाएगा ,जो कि एक वर्ष के बाद रुपए 1000- प्रतिदिन की दर से देय होगा। अनुमोदित फायर प्लान के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपरांत फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा जिसकी अवधि 3 वर्ष रहेगी।

#### फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट

फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्रदाय करने हेतु निकायों द्वारा फीस का प्रावधान में फीस का निर्धारण किया गया है जिसमें आवासीय तथा शैक्षणिक भवन हेतु 2000 रुपये प्रथम 500 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र हेतु तथा 500 वर्ग मीटर के अधिक निर्मित क्षेत्रफल हेतु 2 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से देय होगा। वहीं अन्य भवनों हेतु रुपये 500 प्रथम 500 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र हेतु तथा 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल हेतु 5 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से देय होगा।

### जलभराव की समस्या दूर करने सफाई

**कटनी।** निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर के सभी वार्डों सहित मार्गों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव रोजाना किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बरसात के मौसम में नगर मे उत्पन्न होनें वाली जलभराव की समस्या को देखते हुए विशेष तैयारी कर नगर के बड़े एवं छोटे नाले - नालियों की सफाई का कार्य अभियान स्वरूप किया जा रहा है। सफाई सहित जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त रखनें के निर्देश दिए गए है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

जिला गौण खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक संपन्न

# 9 करोड़ से अधिक राशि जिले के पास, उसमें से 7 करोड़ स्कूलों की मरम्मत पर खर्च करेंगे-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

यह एक यूनिक काम है और मध्य प्रदेश में पहला जिला होगा जो जिला गौण खनिज प्रतिष्ठान मद से स्कूलों के मरम्मत का कार्य करा रहा है। जिससे भी चर्चा की तो उन्होंने बड़े उत्साह के साथ कहा कि हमारे जिलों में शुरू करेंगे। जिले में 185 स्कूल में से 144 स्कूल लगभग काम चालू है, 41 ऐसे जहाँ पर काम प्रारंभ नहीं हो पाया है, शीघ्र शुरू कराये जायेंगे। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला गौण खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।



राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा 07 करोड़ रूपये की राशि स्कूलों के लिए आरक्षित की है, जो लगभग 200 स्कूलों के लिये है। ऐसे 550 स्कूल जिले में है, जो मरम्मत लायक है, 185 स्कूल पिछली साल और 200 लगभग इस साल शामिल किये गये है। आने वाले वर्ष 2026 और 2027 में जिले के सारे स्कूलों की मरम्मत हो जाएगी। उसके बाद आंगनवाड़ी या दूसरे जो शासकीय भवन है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसी मद से राशि उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा इन स्कूलों, आंगनवाड़ी या छात्रावासों के लिए अतिरिक्त राशि नहीं आती और सुविधाओं की वहाँ कमी हो जाती है इसलिए यह तय किया है कि गौण खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि से ठीक कराये जायेंगे। बैठक में संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने भी अपनी बात रखी।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा आज जिला खनिज गौण प्रतिष्ठान मद के सबंध में बैठक हुई। पूर्व में गौण खनिज की राशि पुल पुलियों के लिए उपयोग होती थी, जिसे पिछली बार जनप्रतिनिधियों ने नवाचार किया और पिछली बार 185 विद्यालयों को चयनित किया। जिनमें किसी की छत खराब, दीवाल मरम्मत होना आदि विषय शामिल थे। अभी तकरीबन 144 विद्यालयों का कार्य प्रगति पर है और इस बार पुनः तकरीबन 102 विद्यालयों का चयन किया गया हैं, जिनपर कार्य किया जायेगा।

सांसद श्री लोधी ने कहा उद्देश्य केवल गौण खनिज का पैसा विद्यालयों में लगे और जब विद्यालयों के काम पूर्ण हो जाएंगे, सेकंड फेस में आंगनवाड़ी लिये जायेंगे। इन कार्यों के लिए कोई फंड नहीं रहता है। सांसद श्री लोधी ने कहा तकरीबन 60 प्रतिशत पिछले चयनित विद्यालयों का कार्य पूर्ण हो गया और यह नये कार्य प्रारंभ होंगे, जिसकी समय-समय पर कार्य प्रगति की समीक्षा, पैसा सही जगह लगे और हमारे दमोह के सभी विद्यालय और आंगनवाड़ी व्यवस्थित रूप से कार्य करें, उसके लिए यह पैसा आज देने का तय किया है। बैठक में विधायक हटा उमादेवी खटीक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल ने भी अपने सुझाव दिये। सांसद श्री लोधी ने कहा पिछली बार जिलाधिकारियों ने एक पहल की थी, तीन मूर्ति स्थल के बाजू में जमीन आवंटित हो गई है, जैविक हॉट बाजार प्रारंभ करने जा रहे हैं। बड़ा अच्छा बाजार बनेगा, बाजार शानदार बनाएंगे और एक वर्ष में देखा कि जटाशंकर पर जैविक हॉट बाजार लगाते ही 3-4 घंटे में ही किसानों की सामग्री बिक जाती थी। सांसद श्री लोधी ने कहा तय किया कि जमीन अलॉटमेन्ट के बाद वहाँ पर अच्छा मार्केट बनाएंगे, शेड के साथ और उसको परमानेंट प्रारंभ करेंगे। उन्होंने कहा अगले तीन-चार महीने में ये हॉट बाजार दमोह के लिए तैयार हो जाएगा।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला खनिज प्रतिष्ठान की बैठक में जनप्रतिनिधि सम्मलित हुए और इस बैठक में सबसे बड़ा निर्णय सभी जन प्रतिनिधिगण द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। खनिज मद की राशि 09 करोड़ 24 लाख रूपये की राशि जिले के पास है, उसमें से 07 करोड़ रूपये आगे आने वाले समय में केवल स्कूलों की मरम्मत पर खर्च करेंगे। इसमें काम की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बहुत सख्त मॉनीटरिंग इसकी की जाएगी। यह पैसा मैक्सिमॅम स्कूल बिल्डिंगों की मरम्मत पर जाएगा और आगे के लिए भी यह तय किया गया है, धीरे-धीरे फिर क्षतिग्रस्त आंगनवाड़ी भवन, किचन शेड, छात्रावास का नंबर आता जाएगा और उनको हम आगे लेते जाएंगे।

उन्होंने कहा यह एक बड़ी पहल जनप्रतिनिधियों की है, जो की मध्य प्रदेश में दमोह जिले के अंदर ही ली गई है, जिसमें की शिक्षा संस्थानों को मरम्मत करने के लिए विशेष रूप से ध्यान दे रहे हैं और यह संस्थान उनसे अलग है, जिनमें राज्य सरकार बजट दे देती है। राज्य सरकार से शिक्षा संस्थाओं के मरम्मत के लिए जो बजट आता है, उससे अलग जो बच जाते हैं उसके बाद उन सभी को इसमें एक सुनियोजित कार्ययोजना के माध्यम से शामिल करके काम कराएँगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योग संगम कार्यक्रम



**पटेरा**। मंगल भवन प्रांगण पटेरा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, नगर परिषद, पतंजलि परिवार, गायत्री परिवार एवं भारतीय जनता पार्टी पटेरा के संयुक्त तत्वाधान में योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज से 11 वर्ष पूर्व हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय प्राचीन परंपरा योग को पूरे विश्व में उत्सव के रूप में योग करने के लिए प्रेरित किया। योग शिक्षक राजेश नेमा के द्वारा उपस्थित परिजनों को प्रोटोकॉल के अनुसार योग-प्राणायाम एवं ध्यान कराया गया। कार्यक्रम में सहभागिता करने वालों में पंडित दयाशंकर चौबे, मुन्नालाल अवधिया, पुष्पेंद्र सोनी,शंकर लाल तंतुवाय,संजय पालीवाल ,हर प्रसाद चौरसिया, संतोष ताम्रकार, राजेंद्र दुबे, उमाशंकर तंतुवाय,उत्तम सिंह लोधी, बृजेश चौरसिया, राजेंद्र पटेल, परिषद उप यंत्री नितिन जी, नितेश चौरसिया, कमलेश नामदेव, दिनेश सेन , राजेंद्र उपाध्याय, मोहित अवधिया, प्रदीप उपाध्याय, संतोष सोनी,अवध किशोर सोनी,अमर सिंह पार्षद, लोकेंद्र सिंह राजपूत ,सदाकत खान,जानी खान,कम्मू अहरवाल, मानवेंद्र अहरवाल, रफी मोहम्मद, नंदन तंतुवाय, वेनी चौरसिया, सतीश सैनी, सत्यम ताम्रकार आदि परिजनों की उपस्थिति रही।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बहुत ही आवश्यक : श्याम शिवहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन मंत्री राज्यमंत्री लखन पटेल और जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने योग अभ्यास के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ के साथ योग किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखन पटेल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 200 देशों में योग किया जा रहा हैं, 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन होता है जिस कारण से इस दिन को योग दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया, योग के प्रति लोगों में उत्साह को देखकर मन प्रफुल्लित हैं, सभी जिले वासियों और प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बताया कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और आंतरिक शांति का अनुभव होता है। श्री शिवहरे ने 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी से प्रतिदिन योग करने की अपील की। योगाचार्य प्रशांत असाटी, पंडित पी सी शर्मा, डॉक्टर केदार नाथ शर्मा, छिदामी प्रसाद, सरस्वती धुर्वे ने सभी को योग की क्रियाओं से अवगत कराया और योग की जानकारी दी। कार्यालय में योग दिवस पर पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित विद्यासागर पाण्डे,जिला महामंत्री गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी,जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, योग कार्यक्रम के प्रभारी जिला मंत्री संजय यादव,कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला सह मीडिया प्रभारी महेन्द्र जैन, आई टी संयोजक रिंकू गोस्वामी,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई, मालती असाटी, नर्मदा सिंह एकता, महेश पटेल, अमर सिंह राजपूत,प्रिंस जैन, गुड्डू पटेल, जुगल अग्रवाल,प्रमोद विश्वकर्मा, देवल कटारे, कृष्णा राज, महेंद्र राठौर, अभिषेक राय, आशीष राय,मनीष सोनी, यशपाल ठाकुर, बाल कृष्ण यादव, बबली विश्वकर्मा, सतीश जैन,श्याम विश्वकर्मा, स्वप्निल प्यासी, वेद दुबे जागृति चौरसिया डॉली जैन छाया साहू बबली विश्वकर्मा सहित समस्त भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ ने योग किया।

## थाना प्रभारी को दी विदाई

**बनवार**। नोहटा में आयोजित एक समारोह में संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह ने भाग लिया, जहां नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह को तेजगढ़ थाना और तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल को नोहटा थाना स्थानांतरित किया गया था। इस अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने स्थानांतरित थाना प्रभारी अरविंद सिंह को भावभीनी विदाई दी और नवागत थाना प्रभारी अभिषेक पटेल का स्वागत किया। यह पहला अवसर था जब थाना प्रभारियों की विदाई और स्वागत समारोह में मंत्री सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पुलिस अधिकारियों पुलिस कर्मियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह में अरविंद सिंह को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया और अभिषेक पटेल को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी समाज की सुरक्षा और सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## आंगनबाडी केंद्र के बच्चों ने किया योगासन



**तेंदूखेड़ा**। 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एवं स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित नगर की आंगनबाडी वार्ड 11 दो के बच्चों ने रेस्टहाउस पहुंचकर योगाभ्यास किया। आंगनबाडी कार्यकर्ता जानकी रैकवार ने बच्चों को बताया कि यह दिन योग के महत्व, शारीरिक व मानसिक संतुलन और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। योग सिर्फ व्यायाम ही नहीं, जीवन जीने की कला है। आप सभी इस योग दिवस पर अपनाए, संतुलन स्वास्थ्य और सशक्त मन। योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। तनाव कम होता है, मानसिक शांति मिलती हैं। वजन नियंत्रित रहता है, बीमारियों से बचाव होता है। सुबह योगा करने से पूरा दिन ऊर्जावान रहता है। योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले योग की शुरुवात सूर्य नमस्कार से हुई। इसके साथ ही अनुलोम, विलोम प्राणायाम के साथ विभिन्न प्रकार के आसन कराए गए। योगाभ्यास में ईशिका कटारे, सांविका कटारे, माहनूर, हुरिया, आदीना, मोहित, यशवंत नामदेव, हर्षिका, सिद्धार्थ,, राधिका लोधी एवं सहायिका रीना लोधी रहे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों के चलते युवक फांसी पर झूला हिनौती ग्राम में घटी घटना

**अमानगंज** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौती में आज एक 35 वर्षीय युवक अपने ही घर में फांसी पर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे स्थानीय पुलिस को लगी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही के बाद मृतक का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही शव परिजनों को सौंप कर मामले में मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया घटना के विषय में फरियादी गोरेलाल पिता जोहारिया उम्र 22 वर्ष निवासी हिनौती ने बताया कि इसका भाई मृतक शरण चौधरी पिता जोहारिया चौधरी उम्र 35 वर्ष शराब के नशे का आदी था रोजाना शराब पीकर घर में विवाद पत्नी के साथ करता था अभी हाल में ही उसका विवाद हुआ और पत्नी को मायकेउसके कहने पर छोड़ कर आया और आज सुबह लगभग 9:00 बजे अपने ही कमरे में फांसी पर चल गया जिससे उसकी मौत हो गई ।

### सूचना देने के बावजूद नेशनल हाइवे पर ही लग रहा है शाहनगर का हाट बाजार

**पन्ना**। प्रशासन को कई बार सूचना देने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शाहनगर में हर सप्ताह नेशनल हाइवे पर ही लग रहा हाट बाजार, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा रही है। एवं बड़ा हादशा होने की आशंका बनी हुई रहती हैं। बाजार लगने के दौरान सड़क के दोनों ओर दुकानदार अपनी दुकानें सजाकर बैठ जाते हैं, जिससे बड़े वाहन तो दूर, आम राहगीरों को भी निकलना मुश्किल हो जाता है। स्कूल वाहन, एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई।

## योग भारत की पूरी दुनिया को एक अमूल्य भेंट- भरतलाल जी



**हिंडोरिया**। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर हिंडोरिया विद्यालय में योग व शारीरिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नगर के प्रसिद्ध कथावाचक व योगाचार्य पंडित भरतलाल द्विवेदी ने योग,आसन एवं प्राणायाम आदि सम्पन्न कराया। उन्होंने क्रियाकलाप के साथ ही योग के महत्व पर प्रेरक चर्चा की। उन्होंने कहा कि योग से न केवल शरीर बल्कि मन व विचारों में सक्रियता आती है। निरोगी रहते है।केवल एक दिन के लिए योग नही अपितु प्रत्येक दिन का और हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष किशोरीलाल चौरसिया, कोषाध्यक्ष रघुनंदन नेमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सदस्य मोहनलाल नामदेव, प्रदीप पोद्दार, प्राचार्य देवेन्द्र कुमार खरे,संघ परिवार से मुकेश चौरसिया, दिलीप साहू, रीकेश चौबे, रतन सिंह, पवन राज,मनोज रजक, जितेंद्र सिंह समस्त आचार्य परिवार योगासन कार्यक्रम में सम्मलित हुए।

## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास



**दमोह**। स्थानीय पीजी कॉलेज दमोह में 21 जून 2025 को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी एवं महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों सहित संपूर्ण स्टाफ द्वारा सामूहिक योग अभ्यास किया गया, साथ ही विशाखापट्टनम से पीएम माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी, मध्यप्रदेश शासन के संदेशों का लाइव प्रसारण टीवी के माध्यम से समस्त विद्यार्थियों; कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन द्वारा विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को योग की सामूहिक शपथ दिलाई गई। योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर के अंदर किया गया किया गया। प्राचार्य द्वारा अपने संदेश में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को अपने जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन जीने के लिए प्रतिदिन अनिवार्य रूप से निरंतर योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी विद्यार्थीयों को परिवार के सदस्यों, आस पड़ोस के लोगों एवं रिश्तेदारों को भी योग के महत्व और इससे जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को जन-जन तक पहुंचने में एक मुहिम के रूप में आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ अध्यापक डॉ. इंदिरा जैन, डॉ. आर के व्यास, प्रो. अनिल जैन, एनसीसी प्रभारी डॉ. के एस बामनिया, रेड रिबन प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत राष्ट्रीय सेवा योजना जिला जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. मंगल सिंह, समाजशास्त्री श्री धीरज जॉनसन, डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह, पहलाद ठाकुर, भगवान दास रैकवार सहित अधिक संख्या में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भैंसा में योग कार्यक्रम सम्पन्न



**हिनौताकलां**। 21 जून 2025 को 11 वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह से ग्राम पंचायत भैंसा में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जिसमें सरपंच श्रीमति गोदाबाई, सचिव हर्ष वर्धन पटेल, ग्राम रोजगार सहायक हरवेन्द्र सिंह लोधी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशाकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत हटा से आए नोडल अधिकारी लाखन सिंह कोकड़े ने ग्रामीणों के समक्ष योग के स्वास्थ्य लाभ बताए एवं नशा मुक्त योगी जीवन जीने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में ठेकेदार अजय पटेल, शिवम पटेल, रोशन पटेल, भारत राजपूत, दुर्गेश चौकरया, सेल्समेन कन्छेदी पटेल, रामदास रैकवार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर हुआ योग कार्यक्रम

**हटा**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर आधारित सामूहिक योग का कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय हटा में जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं योग साधकों की उपस्थिति में शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय पर आयोजित किया गया जिसमें विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी एवं सभी को निरोग रहने के लिए अपने जीवन में योग अपनाने की बात कही गई। कार्यक्रम को योग साधक डॉ सी एल नेमा ने संबोधित करते हुए कहा कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि इसे रोजमर्रा की आदत बनाना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाता है तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव भी मजबूत होगी। अतः आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को जीवन का हिस्सा बनाएं और



योगा फार वेलनेस को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। इसके पूर्व एम एम पांडे ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भी संबोधन लाइव प्रसारण हुआ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के द्वारा विशाखापट्टनम से अपना उद्बोधन दिया गया। हटा विकासखंड के योग प्रशिक्षक श्री नंदलाल अहिरवार श्री बाला प्रसाद अहिरवार द्वारा योग अभ्यास का कार्यक्रम कराया गया जिसमें अनुलोम विलोम कपाल भारती विभिन्न योगासन एवं नित्य उपयोगी योगासनों का अभ्यास कराया गया इस कार्यक्रम में हटा विधायक श्रीमति उमा देवी खटीक पूर्व विधायक डॉ विजय सिंह राजपूत पूर्व विधायक पी एल तंतुवाय हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल हटा एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी, बीआरसी एमएल अहिरवार, विकासखंड योग आयोग के अध्यक्ष रामकिशोर दुबे, संदीपनी विद्यालय प्राचार्य डॉ अशोक अग्रवाल, मॉडल स्कूल प्राचार्य बीएस राजपूत एवं अन्य विद्यालयों के प्राचार्य एवं छात्रों के अलावा सांदीपनि विद्यालय हटा के एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी ऑफिसर पी एन खेमरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी एल बिदोल्या द्वारा आभार व्यक्त किया गया वहीं विकासखंड योग प्रभारी प्रताप पटेल के द्वारा कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### उपजेल में बंदियों ने किया सामूहिक योग -

एक और जहां समूचे देश में अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक योग दिवस मनाते हुए जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों विद्यार्थियों द्वारा योग किया गया इसी श्रृंखला में हाटा उपजेल में भी जेलर नागेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बंदियों ने भी सामूहिक रूप से योग कर देश में आयोजित कार्यक्रम के हिस्सा बने। इस दौरान जेलर नागेंद्र चौधरी बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शरीर की क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा मन और चेतन को जोड़ने वाली एक जीवन शैली है।

## अवैध शराब के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामवासी

### पुलिस चौकी में सौंपा ज्ञापन, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के नोहटा थानांतर्गत बनवार पुलिस चौकी के गांव पटना मानगढ़ में, ग्रामवासियों ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। पटना मानगढ़ ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में सरपंच सचिव प्रस्ताव भारत करते हुए ग्रामवासियों ने अवैध रूप से बेची जा रही शराब के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने संगठित होकर इस समस्या के खिलाफ आवाज उठाई और बनवार पुलिस चौकी पहुंचकर ग्राम वासियों के निर्णय से पुलिसं को अवगत कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में, ग्रामवासियों ने अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, जिससे उनके गांव में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। जंप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भगवती मानव कल्याण संगठन की संभागीय अध्यक्ष डॉक्टर सुजान सिंह ने बताया,ग्राम पटना मानगढ़ में बहुत ज्यादा अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। इसी के विरोध में पटना ग्राम पंचायत में सरपंच एवं सचिव ने एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब हमारे गांव में अवैध शराब नहीं बेची जाएगी अगर कोई शराब बेचेगा तो उस पर पुलिस के द्वारा करवाई करवाई जाएगी। बैठक में गोलू राय पिता भारत राय ने शराब न बेचने का संकल्प लिया और गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए ग्राम वासियों ने सर्व समिति से यह निर्णय लिया है।

# दमोह के भूवैज्ञानिक प्रीतेश प्यासी और डॉ. रितेश आर्य को मिला 20 मिलियन वर्ष पुराना ताड़ का जीवाश्म

### कसौली में महत्वपूर्ण खोज, नवोदय विद्यालय हटा के पूर्व छात्र और पूर्व नपा अध्यक्ष मनु मिश्रा के दामाद है प्रीतेश प्यासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





कसौली (हिमाचल प्रदेश) के प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक डॉ. रितेश आर्य और ओएनजीसी के भूवैज्ञानिक प्रीतेश प्यासी ने कसौली क्लब के पास 20 मिलियन वर्ष पुराने ताड़ के पत्ते के जीवाश्म की एक महत्वपूर्ण खोज की है। यह खोज एसोसिएशन ऑफ पेट्रोलियम जियोलॉजिस्ट (ए पी जी), देहरादून द्वारा 9-11 जून के बीच आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन हुई। इस कार्यशाला में ओएनजीसी के 14 भूवैज्ञानिकों की एक टीम डॉ. आर्य और डॉ. जगमोहन सिंह के मार्गदर्शन में कसौली, दगशाई, सुबाथू, शिमला, क्रोल और शिवालिक संरचनाओं के स्तरीकृत अनुक्रम का विश्लेषण कर रही थी।

एपीजी, देहरादून के टीम लीडर प्रीतेश प्यासी ने इस खोज पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह खोज न केवल कसौली क्षेत्र के भूवैज्ञानिक इतिहास को समझने में एक महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि यह हमारे भूवैज्ञानिक ज्ञान को भी समृद्ध करती है। डॉ. आर्य का दशकों का अथक परिश्रम और समर्पण प्रेरणादायक है और यह खोज हमारे संगठन के लिए भी गर्व का विषय है।₹ श्री प्यासी ने जीवाश्म स्थलों के संरक्षण के प्रयासों के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि आम जनता पृथ्वी के अतीत और मानवता को समझने के लिए जीवाश्मों के महत्व को जान और समझ सके। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में भू-पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

11 जून, 2025 को मिला यह जीवाश्म (ताड़ का पत्ता), क्षेत्र की पुरावनस्पति और भूवैज्ञानिक समझ में एक बड़ा योगदान माना जा रहा है। खोज स्थल का ऐतिहासिक महत्व विशेष है, क्योंकि यह उस स्थान के करीब है जहाँ ब्रिटिश भूवैज्ञानिक मेडलिकॉट ने 1864 में इसी तरह के जीवाश्मों की खोज की थी, जिनकी पहचान वनस्पतिशास्त्री ओ. फीस्टमंटेल के कार्य के माध्यम से सबल मेजर हीर के रूप में की गई थी।

डॉ. आर्य ने कहा, ₹यह खोज न केवल कसौली फॉर्मेशन के जीवाश्म रिकॉर्ड को समृद्ध करती है, बल्कि मेडलिकॉट के अग्रणी काम को भी जीवंत करती है, जिनके निष्कर्ष लंबे समय से सार्वजनिक स्मृति से लुप्त हो गए थे।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹यह ताड़ का जीवाश्म मेडलिकॉट की 165 साल पहले की मूल खोज के संदर्भ और स्थान में सबसे करीब है। यह ऐसा है जैसे इतिहास खुद को दोहरा रहा हो।₹

यह खोज उस भूवैज्ञानिक अवधारणा को पुख्ता करती है जिसके अनुसार कसौली (हिमाचल प्रदेश) करोड़ों वर्ष पूर्व समुद्र तल के नजदीक था। पाम लीव जैसे पौधे केवल निचले, आर्द्र व तटीय क्षेत्रों में ही पनपते हैं। आज का कसौली जो 2000 मीटर की ऊंचाई पर है, वहां पर इस जीवाश्म का पाया जाना यह दर्शाता है कि दो करोड़ वर्ष पहले कसौली समुद्र तल से केवल 200-500 मीटर की ऊंचाई और तटीय जलवायु में स्थित था। इतना ही नहीं, कसौली में की गई डॉ. आर्य की पहली खोजों में ग्लूट, गार्सीनिया, सिजीगियम और करंब्रेटम जैसे पौधों के जीवाश्म पाए गए हैं, जो कि आज केवल अंडमान निकोबार, मलेशिया और इंडोनेशिया में पाए जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि तब कसौली भूमध्य रेखा के निकट स्थित था।

प्रीतेश प्यासी मध्य प्रदेश के दमोह जिले के हटा शहर के चंडी जी वार्ड के रहने वाले हैं और नवोदय विद्यालय, हटा के पूर्व छात्र हैं। वह भारत सरकार के तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन महारत्न राष्ट्रीय कंपनी के 2012 बैच के भूवैज्ञानिक अधिकारी हैं और वर्तमान में देहरादून कार्यालय में संगठन की भूवैज्ञानिक गतिविधियों की देखरेख कर रहे हैं. I श्री प्यासी सागर विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध भूविज्ञान विभाग के एम. टेक के छात्र रहे हैं और उनके माता-पिता जे.पी. प्यासी और श्रीमती उमा प्यासी सागर के सनराइज मेगासिटी में रहते हैं। श्री प्यासी, दमोह शहर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनु मिश्रा के दामाद हैं। श्री प्यासी साहित्य प्रेमी और साहसिक खेल प्रेमी हैं, उन्होंने विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रेकिंग की है और भू-पर्यटन में उनकी विशेष रुचि है। वह लोगों में भूविज्ञान के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें इसके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

---

### अंतराष्ट्रीय योग दिवस हुआ सामूहिक योग

# योग से तन-मन दोनों होते हैं स्वस्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटैल ने गुरूनानक स्कूल जबलपुर नाका कैंपस में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने राज्यमंत्री श्री पटैल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा, आयुर्वेद अधिकारी डॉ.राजकुमार पटैल और स्कूल के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश को देखा व सुना गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में आर्ट आफ लिविंग से योग गुरू प्रशांत असाटी,सविता विदौलिया, अभिनंदन मोदी, प्रवीण जैन, के.के.परोहा ने योग क्रियाएं संपन्न कराई। योग क्रियाओं में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटैल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम आरएल बागरी, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, सुशील गुप्ता, किशन सिंह हुरा घीवाला, राजेन्द्र सिंह बग्गा, गोविंद सिंह बग्गा जिला योग प्रभारी अशोक पाठक, प्राचार्य हर्षा हजारी, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, गुरूनानक स्कूल के पदाधिकारीगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के अलावा गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर 2015 से लगातार 21 जून को योग दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। योग दिवस की थीम ₹एक धरती और एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ है। आज सम्पूर्ण विश्व में योग दिवस के अवसर सभी योग कर रहे हैं, बहुत सारे लोग आज के दिन से योग प्रारंभ करते है और लगातार कई वर्ष तक करते रहते हैं, और इसके पीछे मंशा है, स्वस्थ रहें, व्यस्त रहें और मस्त रहें हमेशा काम में लगे रहे । मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा योग का मतलब जोड़ से है, योग सबको मन, तन और हर प्रकार से जोड़ने का कार्यक्रम है, इसमें शरीर की सारी इंद्रियों का योग होता है, उनकी अपनी-अपनी शक्तियां, क्षमता, उनका योग होता है, समाज का योग होता है, हमारे देशवासियों का योग होता है, सारे संसार का योग होता है और इस योग के कारण आज पूरा विश्व स्वस्थ हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आलोक सोनवलकर एवं विपिन चौबे ने किया।

---

# जिला न्यायालय परिसर में योग, ध्यान एवं प्राणायाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग, ध्यान एवं प्राणायाम शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्य शांति, प्रेम, ध्यान, भक्ति, आनंद, आध्यात्मिक ज्ञान और उत्सव के शाश्वत प्रणेता हिज हॉलिनेस गुरूदेव श्री अतीत जी ने योग शिविर का शुभारंभ किया और



मनुष्य के जीवन में श्वास के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि मनुष्य जन्म लेने पर सबसे पहले श्वास लेता है और जीवन के अंतिम समय में श्वास छोड़कर अनंत यात्रा पर चला जाता है। उक्त अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पी.सी. गुप्ता ने न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण को गुरूदेव अतीत जी के सानिध्य में योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त करने और उसने अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। उक्त अवसर पर नवीन जिला न्यायालय परिसर में गुरूदेव अतीत जी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी. सी. गुप्ता सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण पृथ्वी एवं मानव मात्र के स्वास्थ्य के लिये योग का प्रचंड वेग से प्रचार-प्रसार करने और पूर्ण मनोयोग से योग, ध्यान व प्राणायाम को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमोह पी.सी. गुप्ता, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर, विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, स्नेहा सिंह सहित जिला दमोह के समस्त न्यायाधीशगण, सचिव व जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह, अधिवक्ता संघ दमोह के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, सचिव सुधीर पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता एस.के. मेहता, सी.एम. गुरू, पूनम मेहता, अधिवक्तागण, न्यायालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण और पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अनुनय श्रीवास्तव द्वारा एवं आभार प्रदर्शन जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा किया गया।

---

# युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने की मतदान तिथियों की घोषणा

**दमोह।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्रधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव में जिला कांग्रेस कार्यालय में तेलंगाना से जोलन रिटर्निंग अधिकारी तुल्ला रवि ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त मध्यप्रदेश के साथ साथ दमोह जिले में यह चुनाव अभियान दिनांक 20 जून 2025 से प्रारंभ होकर आगामी माह 19 जुलाई को सांय 5 बजे तक चलेगा जिसकी प्रत्येक युवा युवती के लिये सदस्यता शुल्क 50 रूपये भुगतान की अंतिम तिथि 21 जुलाई सांय 5 जक निर्धारित की गई है। भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्रधिकरण ने जानकारी दी है कि पूरे 1 महिने के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान वीथ आईवाईसी एप पर आनलाइन किया जायेगा। तुल्ला रवि ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लाक कमेटी विधानसभा कमेटी जिला महासचिव जिलाध्यक्ष प्रदेश महासचिव प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये मतदान किया जायेगा। सदस्यता और मतदान में दमोह जिले के 18 से 35 वर्ष तक के सभी पात्र युवा युवतियां इस प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। मतदान के दौरान दस्तावेज पहचान पत्र के रूप में वोटर कार्ड एवं ईमतदान पहचान पत्र के साथ स्वयं का आधार कार्ड दिखाने की वैधता रखी गई है चुनाव प्रधिकरण के सदस्यो ने भाग लेने की अपील राफीक खान, अरूण दुबे, राहुल जैन, भूपेन्द्र आजवानी, मंजीत यादव, अफजल खान, अभिषेक डिम्हा, जावेद रोजान, अनुज ठाकुर सहित अनेकों युवा कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

---

# तेंदूखेड़ा गौशाला तीसरी बार सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ तीन लाख रूपए का चेक देकर सम्मानित किया शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय गौशाला सम्मेलन आयोजित किया में नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र (गौशाला) को वर्ष 2024 में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ तीन लाख रूपए का चेक देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी गौशाला को वर्ष 30 सितम्बर 2018 में खजुराहो में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समक्ष मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रथम पुरस्कार, 3 अप्रेल 2023 में अमरकंटक में अध्यक्ष संजय कुमार जैन को ब्यक्तिगत पुरस्कार दिया जा चुका है। प्रदेश स्तरीय गौषाला सम्मेलन में अध्यक्ष संजय कुमार जैन के साथ गौशाला कमेटी एवं नगर के समाज सेवी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश में मिला द्वितीय स्थान, शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ मिला तीन लाख का पुरस्कार

---

# निराश्रित घायल गौवंश उपचार शिविर में चार गौ माता की सर्जरी और तीन गौ माता का कृत्रिम पैर लगाया

**दमोह।** गौसेवा की जितनी तारीफ करें, उतनी कम है क्योंकि जिस भाव से यह लोग काम करते हैं। वेटरिनरी कॉलेज की पूरी टीम अपनी पूरी सर्जरी की टीम लेके आई और अभी देख रहे हैं 03-04 ऑपरेशन वह कर चुके हैं। टीम ने एक गाय के पैर के तीन ऑपरेशन करके उस गाय को चला दिया। नकली पैर लगाके उनको चलाया, गौ माता कभी चिल्ला कर कह तो सकती नहीं, दर्द सह लेगी, लेकिन कार्यकर्ताओं के दिल में जो भाव हैं, उस भाव की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम हैं। मैं सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूँ, आज उनके बीच में आने का अवसर मिला। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री



लखन पटेल ने आज दमोह नगर के पुराना थाना (पुलिस) परिसर में वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित निराश्रित घायल गौवंश उपचार शिविर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. संजय पाण्डे, अंजु खत्री, रमन खत्री, सुधीर जैन(बबलू वेलकम), पार्षद पप्पू मलाई, आलोक असाटी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मूंक गौ वंश के लिए जो ये काम कर रहे हैं, बहुत अच्छा है। यहाँ कुछ सुविधाएं जो चाहिए पड़ेगी उसके लिये उप संचालक संजय पांडे को प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा गया हैं। उन्होंने कहा उसको बेहतर करने का प्रयास किये जायेगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा पशु चिकित्सा शिविर का अवलोकन किया है, निःसंदेह बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है, ऐसे कार्य की बहुत ही जरूरत है, क्योकि बारिश के समय में पशु बहुत घायल होते है, पशुओं को चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता होती है, उनको चिकित्सा सुविधा मिल नहीं पाती है, आज यहॉ पर वेटनरी कॉलेज के डॉक्टर भी आये हुए है, जो पशुओं की सर्जरी का काम करते है, निश्चित रूप से बहुत ही अच्छी पहल है, जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। दिये गये विकल्पों पर यह लोग विचार करेगें, जब तक नगर पालिका सीएमओ भी ज्वाइन कर लेंगे तदोपरांत कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा यहां पर वैष्णवी निस्वार्थ समिति द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया जा रहा है, पहले भी सूचना आती रही है, कि गौ सेवको के द्वारा आवारा पशुओं की सेवा करते है और घायल पशुओं का इलाज किया जाता है। आज मंत्री श्री पटैल ने, कलेक्टर सर के साथ कैम्पस का अवलोकन किया और समिति को बेहतर सुविधा किस प्रकार से दी जा सकती है, इस पर विचार किया जा रहा है, इनको और भी बेहतर सुविधा देने की आवश्यकता है, जिससे और भी अच्छे कार्य कर पाये। इस शिविर में नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा डीन डॉ. आरके शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में डॉ. शोभा जावरे और उनकी टीम ने यहां पर चार गौ माता की सर्जरी की और तीन गौ माता का कृत्रिम पैर बनाया गया। दो का प्लास्टर किया गया, एक गौ माता जिसे पुराना फ्रैक्चर था, उसका प्लास्टर फिक्सचर लगाकर किया गया इसके साथ अन्य गोवंश का उपचार भी किया गया।

---

# लीनेस मैत्री क्लब द्वारा योग दिवस का आयोजन



**दमोह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा एक भव्य और प्रेरणादायक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प लिया। योग से सारे रोग दूर करने का संदेश दिया। सचिव पूजा सचदेव द्वारा विगत कई माह से सफल योगा क्लासेस ली जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज वंदना से हुआ। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाएं कराईं, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों ने मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा का अनुभव किया। इस अवसर पर अध्यक्ष स्मृति खरे ने कहा "योग से सारे रोग दूर हो सकते हैं" का संदेश देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि तनाव, चिंता और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से भी राहत देता है। क्लब सदस्यों ने "सर्वे सन्तु निरामयः" (सभी प्राणी निरोगी रहें) का भाव आत्मसात करते हुए योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की शपथ ली। क्लब की एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा ने कहा, "योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे अपनाकर हम न केवल स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि पूरे समाज को भी सकारात्मक दिशा में प्रेरित कर सकते हैं।" सदस्यगण नर्मदा सिंह, रिम्मी जुनेजा,राखी चोपड़ा, जया बुधवानी,रजनी खरे , सुनीता अग्रवाल,एकता जुनेजा,डिंपल खोसला, शिल्पा राव,ज्योति चिले ,भावना शिवहरे,सपना राजपूत ने ऐसे आयोजन भविष्य में भी करते रहने का संकल्प लिया गया।

---

### वैश्य महासम्मेलन की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न...

# सरकार के पहले वैश्य घटक समाज अपनी अपनी जनगणना करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह







वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में दमोह की जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि आदरणीय संदेश जैन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश, विशिष्ट अतिथि आदरणीय श्याम शिवहरे जिला अध्यक्ष भाजपा दमोह कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष, श्रीमति मालती असाटी पूर्व नपा अध्यक्ष ,पूर्व अध्यक्ष संरक्षक शिशव अग्रवाल, संभाग महामंत्री सुशील गुप्ता जिला प्रभारी पदम इटोरिया जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल जी, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र बजाज पटेरा युवा संभाग प्रभारी जुगल अग्रवाल महिला प्रभारी विद्या असाटी जी अध्यक्ष सुनीता गुप्ता युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल की उपस्थिति में हुई। सर्व प्रथम वैश्य कुलदेवी मां लक्ष्मी सरस्वती दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वैश्य गान महिला इकाई से कंचन असाटी गीता अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि संदेश जैन का स्वागत जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल ने किया। बैठक में अतिथि स्वरूप वैश्य घटक अध्यक्ष उपस्थिति हुए। उनका स्वागत एवं मोमेंटो से सम्मान मंच अतिथि द्वारा किया गया जिसमें अग्रवाल समाज अध्यक्ष रवि अग्रवाल , असाटी समाज अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, नेमा समाज से अनिल नेमा, साहू वैश्य समाज अध्यक्ष कल्पित साहू का स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में जिले का प्रतिवेदन जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल ने संगठन के पिछले कार्य, आगामी बैठक तहसील, आजीवन सदस्य संख्या, आजीवन सदस्य सम्मेलन एवं वैश्य दिवस, विभिन्न सामाजिक जयंती आदि पर किए कार्य की बात रखी। जिला प्रभारी पदम इटोरिया ने भी अपनी बात कही। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जातीय जनगणना से पहले सभी वैश्य घटक समाज अपनी अपनी जनगणना करे जिससे हम वैश्य समाज की गढ़ना का आंकड़ा निकाले ऐसा निवेदन किया जिसका प्रारूप सभी को दिया जाएगा। मुख्य अतिथि संदेश जैन जी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में एक वेब पोर्टल लांच कर रहे है, जिसमें शादी के लिए बायोडाटा, सदस्य नवीनीकरण, व्यवसाय, नौकरी आवेदन, वैश्य घटक की जानकारी, वैश्य घटक दुकानदारों का विवरण रहेगा एवं सभी सदस्यों का कार्ड बनेगा जो संबंधित जिला अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष को भी सूचित करेगा। नोटिफिकेशन द्वारा एवं सभी को लिंक दी जाएगी जो भी अपना नवीनीकरण अथवा नया सदस्य बनाना हो तो बन जाएगा। उन्होंने कहा सभी तहसील पदाधिकार हर कार्य को तीनों इकाई के सहयोग से संपन्न करें एवं आगामी 24 जून को प्रदेश शिरोमणि उमा शंकर गुप्ता का जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में हम सभी मनाए। सभी की जानकारी के लिए अब हमारे वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की इकाई मप्र के समस्त जिले, समस्त तहसील एवं मप्र की सभी ग्राम पंचायत तक है, हमारा दायरा अब संपूर्ण प्रदेश के हो चुका है हमारे संगठन को अब और बढ़ने हमे अपने लोगों की मदद करनी होगी, और जो आगे आना चाहते है उनको निकलना होगा और उनका भी सहयोग लेना और देना है। श्री जैन ने आगे बताया कि इंदौर में वैश्य महासम्मेलन लगातार वर्षों से परिचय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है इस वर्ष भी हुआ जिसमें बड़ी संख्या में परिचय एवं बायोडाटा आए जिसमें शिक्षा, नौकरी, पेशा, पैकेज, उम्र, के साथ साथ तलाक शुदा एवं विधवा विधुर स्तर का आयोजन हुआ जिसमें संबद्ध भी तय हुए।

बैठक में पधारे सभी तहसील प्रभारी और अध्यक्ष को भेंट स्वरूप वैश्य परिवार की देवी की फोटो भेंट की। बैठक में दिनेश गुप्ता, डॉक्टर संजीव गुप्ता, महिला नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल जिला महामंत्री शैलजा असाटी प्राची जैन, तहसील पटेरा अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, प्रहलाद अग्रवाल, युवा प्रभारी नीरज गुप्ता युवा अध्यक्ष स्वप्निल सिंघई महिला प्रभारी कविता बडकुल अध्यक्ष आसीमा गुप्ता, तेंदूखेड़ा अध्यक्ष विवेक जैन, अनिल जैन, सेलू बड़कुल, राजेंद्र जैन, पथरिया से अध्यक्ष संजय जैन, युवा उपाध्यक्ष सौरभ जैन प्रभारी प्रदीप जैन अध्यक्ष राकेश राठौर, बटियागढ़ अध्यक्ष बसंत गुप्ता, प्रशांत जैन युवा इकाई अध्यक्ष, प्रभारी अनिल जैन, संदीप सिंघई उपाध्यक्ष श्रीमती सरला गुप्ता महिला अध्यक्ष ,रचना असाटी, हटा प्रभारी प्रदीप गुप्ता, अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, युवा प्रभारी सौरभ नेमा, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, श्रीमती मंजू ब्या, श्रीमती रीता अग्रवाल, जबेरा अध्यक्ष शैलेंद्र जैन युवा अध्यक्ष रवि जैन रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों का तिलक लगाकर एवं पट्टा एवं बेच लगाकर किया गया। संचालन जिला महामंत्री संजय रतले एवं आभार नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश असाटी ने माना।